संख्या–ई0डी0एन0–एच(2)बी(2)3/2011–मांग पत्र
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय,हिमाचल प्रदेश ।
दिनांक 4 जूलाई, 2016

विषयः– प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (नॉन–मैडिकल), (मैडिकल) तथा (कला) की भर्ती एवं पदोन्नति नियमों के अनुरुप अपंग अभ्यार्थियों के लिये आरक्षित पदों को बैच के आधार तथा मैरिट के अनुसार अध्यापक पात्रता परीक्षा में उतीर्ण हुए अभ्यार्थियों में से अनुंबन्ध आधार पर भर्ती हेतु आवेदन करने बारे सूचना ।

प्रारंभिक शिक्षा विभाग, प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (नॉन–मैडिकल), प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (मैडिकल) तथा प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (कला) के स्थाई रूप से अपंग अभ्यार्थियों के लिये आरक्षित पदों को बैच के आधार तथा मैरिट के आधार पर भर्ती करने जा रहा है । इन पदों के लिए प्रार्थी ने किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से नवीनतम भर्ती एवं पदोन्नति नियम 31–5–2012 में वर्णित शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता अर्जित की हो तथा हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड हमीरपुर से या हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला से अध्यापक पात्रता परीक्षा उतीर्ण की हो । इन पदों को अनुबन्ध आधार पर स्थिर वेतन रू0–13900 (मूल वेतन रू0–10300+3600 ग्रेड वेतन) के अनुसार भरा जाएगा, प्रार्थी की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए, प्रार्थी को उपरी आयु में नियमानुसार छूट दी जाएगी । पदों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

Subject	VI		HI		OH		
	Merit wise	Batch wise	Merit wise	Batch wise	Merit wise	Batch wise	Total
TGT(Arts)	3	3	3	3	2	2	16
TGT (NM)	2	2	2	2	2	2	12
TGT(Med)	1	1	0	0	0	0	2
Total	6	6	5	5	4	4	30

उपरोक्त पदों के लिए विभाग द्वारा दिनांक 21–04–2016 को प्रभारी अधिकारी (स्थापन) विशेष रोजगार कार्यालय (अपंग उम्मीदवारों के लिये) निदेशालय श्रम एवं रोजगार, शिमला–171002 को भेजे गये मांग पत्र के अनुसार प्राप्त नामों की सूची विभागीय वैब–साईट website पर उपलब्ध है । यदि किसी पात्र उम्मीदवार का नाम सूची में नहीं है तो वह अपना आवेदन दिनांक 31–07–2016 तक सादे कागज पर निदेशक प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय शिमला–171001 के कार्यालय में भेजें । उक्त पदों के लिये वही आवेदक पात्र होंगे जिन्होंने किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/शिक्षण संस्थान से बी0एस0सी0/बी0एड0(नॉन मैडिकल/मैडिकल) बी0ए0 या बी0कॉम/बी0एड0 उतीर्ण की हो तथा हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड के माध्यम से या हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला से अध्यापक पात्रता परीक्षा उतीर्ण की हो । अधूरे/अस्पष्ट आवेदन कार्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे। साक्षात्कार की तिथि विभाग द्वारा पात्र आवेदकों को विभागीय website तथा समाचार पत्रों के माध्यम से सूचित की जाएगी ।

निदेशक प्रारंभिक शिक्षा,
हिमाचल प्रदेश ।
04/07/16